## संक्षिप्त

### पंचायत समिति विकास के आदेशो पर रोक

**मालपुरा ।** टोडारायसिंह पंचायत समिति से जुडे एक मामले मे ग्राम पंचायत बस्सी के कनिष्ठ सहायक को कार्य व्यवस्थार्थ लगाने के पंचायत समिति विकास अधिकारी के आदेश पर न्यायालय ने लगाई रोक। राजस्थान सिविल सेवा अपील प्राधिकरण ने आज मंगलवार को विकास अधिकारी के आदेशो पर रोक लगाने के आदेश जारी किये। अधिकरण के सदस्य सुची शर्मा व चेतन राम देवडा की पीठ ने लगाई है रोक। बस्सी ग्राम पंचायत के कनिष्ठ सहायक शंकर लाल धाकड की अपील पर दिये गये आदेश अधिकरण ने राज्य सरकार व टोंक जिला परिषद सीईओ सहित पंचायत समिति विकास अधिकारी टोडारायसिंह अधिकारी व अन्य को नोटिस जारी कर मांगा जवाब। तबादलो व कार्य व्यवस्थार्थ कार्मिको को लगाने पर रोक के बावजूद विकास अधिकारी द्वारा 29 अक्टुम्बर को जारी किये थे आदेश। जिसे अपील मे प्रार्थी पक्ष से पैरवी करते हुये एडवोकेट लक्ष्मीकांत शर्मा ने दी थी आदेशो को चुनौती।

### अन्नकुट प्रसादी गौमाता के नाम संतो ने की शिरकत

**मालपुरा ।** रामनारायण गोसेवा समिति के तत्वाधान मे मंगलवार को घाटी रोड घाणा के बालाजी के पास रामनारायण गोशाला के एक विशाल अन्नकुट प्रसादी गौमाता के नाम आयोजित की गई। परम पूज्य संत शिरोमणी मोती गिरी महाराज टोरडी सहित संतो ने अन्नकुट प्रसादी के आयोजन मे शिरकत कर गौरक्षको व गोसेवको का किया उत्साहवर्धन। मोती गिरी महाराज पंच कुण्डा टोरडी सिद्ध क्षैत्र मे गौशाला का अवलोकन कर वहां गोसेवको द्वारा बिमार व असहाय गौमाता की की जा रही सेवा व उपचार का दृश्य देख अदभुत होते हुये सेवा मे जुटे गौरक्षको की पीठ थप-थपाई। गौशाला मे आयोजित अन्नकुट महोत्सव मे बडी संख्या मे गौभक्तो ने अपनी उपस्थिति दर्शा गौमाता की प्रसादी का लुप्त लिया।

### दामोदर गोशाला का वार्षिकोत्सव शनिवार को

**निवाई।** श्रीदामोदर गोशाला का 66 वां वार्षिकोत्सव एवं गोपाष्टमी पर्व शनिवार को आयोजित होगा। गोशाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष शिवरतन दरगड ने बताया कि शनिवार की सुबह 8 बजे गोपाष्टमी पर्व पर गोशाला परिसर में मंत्रोच्चार के साथ गायों की पूजा की जाएगी। दोपहर 2 से 4 बजे तक श्री कृष्ण प्रचार सत्संग समिति द्वारा संगीतमय हरिनाम संकीर्तन किया जाएगा। सांय 4 से 5 बजे तक गोशाला के वार्षिकोत्सव में खुला अधिवेशन का आयोजन होगा। राजेंद्र टोडवाल ने बताया कि गोशाला के वार्षिकोत्सव व गोपाष्टमी पर्व को लेकर विभिन्न तैयारियां जोरशोर से की जा रही है।

### 'एकाग्रता से लेंवे प्रशिक्षण'

**निवाई।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुरेश चौधरी ने निवाई में चल रहे चुनाव प्रशिक्षण शिविर का दौरा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने मतदान अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए बताया कि चुनाव प्रशिक्षण के दौरान एकाग्रता से प्रशिक्षण लेंवे जिससे चुनाव प्रक्रिया के दौरान कोई समस्या नहीं आएगी। राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर विमलकुमार जैन ने मतदान अधिकारियों को मतदान सामग्री लेते समय हर सामग्री को सूची अनुसार ढंग से देखकर एवं जांच परख कर लेने की अनिवार्यता के बारे में समझाया। उन्होंने विभिन्न प्रकार के लिफाफों की संख्या एवं उनकी उपयोगिता, सील लगाने और लिफाफों की पूर्ति करने के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### सवा तीन लाख रूपये की शास्ति आरोपित की

**अलवर ।** खनि अभियन्ता मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन पर जिले में अवैध खनन एवं निर्गमन की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आज जांच के दौरान निकटग्राम माधोबास बीजवाड तहसील अलवर में ओरडनरी सैण्ड का अवैध खनन करने पर एक एक्सकेवेटर मशीन, दो डम्पर को जब्त कर 3 लाख 22 हजार 250 पये की शास्ति आरोपित की गई।

# कलेक्टर ने अनुपस्थित कार्मिकों को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए

**किशनगढ़ बास।** खैरथल तिजारा जिले में एक साथ कार्मिकों की उपस्थिति व आमजन की समस्याओं के निस्तारण की गुणवत्ता व कार्य प्रणाली को जांचने व के लिए जिला कलेक्टर किशोर कुमार के निर्देश पर जिलेभर में सरकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। जिलेभर में एक साथ 53 सरकारी कार्यों के निरीक्षण में 18 कर्मचारी अनुपस्थित मिले। अनुपस्थित मिले कार्मिकों को कारण बताओं नोटिस जारी किए गए।

जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने बताया कि मंगलवार को जिलेभर में कार्यालय में कार्मिकों की समय पर उपस्थित जाँचने के लिए एक साथ 53 कार्यालयों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कार्यालय में कार्य प्रणाली, समयबद्ध कार्यालय संचालन तथा




किशनगढ़ बास में सरकारी कार्यालय का निरीक्षण कर उपस्थिति रजिस्टर चेक करते एसडीएम मनीष कुमार।

आमजन की समस्याओं के निस्तारण की गुणवत्ता को देखा ई-फाइल प्रणाली, पदस्थापित कार्मिकों की संख्या एवं उपस्थित कार्मिकों की

- 53 सरकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण में 18 कार्मिक अनुपस्थित मिले

संख्या सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न कार्यालयों के 18 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित मिले कार्मिकों को जिला कलेक्टर ने संबंधित विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी को कारण बताओं नोटिस देने के निर्देश दिए हैं साथ ही जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है आगे भी संबंधित कार्मिक द्वारा इसी प्रवृत्ति को अपनाये जाने पर कठोर कार्यवाही करने के लिए निर्देश दिए।

## मारुति सखी मंडल का दीवाली स्नेह मिलन

**मनोहरपुर ।** सीकर में धार्मिक कार्यों में अग्रणीय संस्था मारुति सखी का दिवाली स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया ये आयोजन समाजसेवी उर्मिला रावत के निवास पे किया गया जहां पे करीब 50 से ऊपर महिलाओ ने भाग लिया । संस्था से सनु मोदी ने बताया कि इस हमारे द्वारा मासिक कीर्तन और सुंदरकांड का पाठ हर सदस्य के घर में किया जाता है जिस से घर का वातावरण भी धार्मिक बनता है ये महिला ग्रुप काफी साल पहले बना था इस की विशेष बात है कि इस में सास भी है बहु भी है उम्र का कोई बंधन नहीं है।

इस में सब मिलकर कीर्तन भी करते है सुंदरकांड के पाठ के बाद सभी महिला सदस्यों में प्रसाद का वितरण किया जाता है। सुंदरकांड करने का बहुत महत्व है हनुमान जी जल्द प्रसन्न होने वाले देवता हैं. वह बल, बुद्धि और कृपा प्रदान करने वाले माने जाते हैं. मान्यता है कि सुंदरकांड का पाठ करने से व्यक्ति को जीवन में कई सकारात्मक बदलाव देखने को मिलते है।

# फसलों का उचित मुआवजा दिलवाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**निवाई।** फसलों के मुआवजे को लेकर तहसील के साथ किए जा रहे भेदभाव को लेकर किसान महापंचायत के पदाधिकारियों ने महापंचायत के अध्यक्ष दशरथसिंह चौहान के नेतृत्व में तहसीलदार नरेश गुर्जर को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम ज्ञापन सौंपा है।

- उचित मुआवजा नहीं मिला तो किसान महापंचायत करेगी धरना प्रदर्शन

अध्यक्ष चौहान ने बताया कि अन्य वर्षो की अपेक्षा इस वर्ष अत्यधिक वर्षा होने के कारण किसानो की फसले 80 प्रतिशत नष्ट हो गई है लेकिन अधिकारियों द्वारा रिपोर्ट में नुकसान नाम मात्र का ही बताया गया है। उन्होंने आरोप लगाते हुए बताया कि अधिकारियों ने घर बैठकर ही रिपोर्ट



तहसीलदार नरेश गुर्जर को फसलों के मुआवजे को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए किसान महापंचायत के पदाधिकारी।

बना ली है। जिससे किसानों के साथ अन्याय हुआ है। उन्होंने बताया कि किसान देश के अन्नदाता है उनके साथ विश्वास घात नहीं हो। किसानों ने अति शीघ्र निवाई तहसील के सभी गांव को उचित मुआवजे की मांग की है। ज्ञापन में बताया कि यदि किसानों को उचित मुआवजा नहीं मिला तो धरना प्रदर्शन करके आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर भंवरलाल , कालूराम, सुरेश चौधरी, कृष्णा चौधरी, तुलसीराम, कमलेश कुमावत, दीपक चौधरी, राजेश गुर्जर, मोहनलाल व मदन कुमार सहित कई किसान मौजूद थे।

## मतदान करने का संदेश दिया

**दौसा।** विधानसभा उप चुनाव में जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार के निर्देशन में स्वीप गतिविधियों के तहत मंगलवार को लवाण, सैंथल, नांगल राजावतान एवं दौसा ब्लॉक में किसान मतदाता सम्मेलन आयोजित कर 13 नवम्बर को बढ-चढ़कर मतदान करने का संदेश दिया।

नोडल अधिकारी स्वीप नरेंद्र कुमार मीना ने बताया कि किसान मतदाता सम्मेलन का उद्देश्य अधिक से अधिक किसान मतदाताओं की लोकतंत्र में भागीदारी सुनिश्चित हो, साथ ही किसानों से अपील की गई कि वे अपने परिवारिक सदस्यों को भी लोकतंत्र के पर्व चुनाव में मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करें। जिला समन्वयक स्वीप रामवीर चौधरी ने बताया कि किसान मतदाता सम्मेलनों में किसानों को मतदाता शपथ दिलवाई गई तथा कला जत्था के कलाकारों द्वारा मतदान जागरूकता की सुंदर प्रस्तुतियों एवं नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से मतदान का संदेश दिया गया। कृषि विज्ञान केन्द में आयोजित किसान मतदाता सम्मेलन में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष कृषि विज्ञान

- किसानों को मतदाता शपथ दिलवाई गई तथा कला जत्था के कलाकारों द्वारा मतदान जागरूकता की सुंदर प्रस्तुतियों एवं नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से मतदान का संदेश दिया

केन्द्र बीएल जाट ने मतदान के महत्व को समझाते हुए विधानसभा उप चुनाव में किसानों से यादा से यादा मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर रामबाबू शर्मा, धर्मराज शर्मा, घनश्याम प्रजापत, दिलीप शर्मा, लोकेश शर्मा संस्कृत, निरंजन चौधरी, जितेंद्र सैनी, गोवर्धन लाल बैरवा, सुरेश प्रजापत, सियाराम नट, भुवनेश कुमार शर्मा, दिलीप कुमार शर्मा, अनिल निर्माण, जेपी मीना, जितेन्द्र शर्मा, सुलोचना गुप्ता, प्रिया मीना उपस्थित रहे।

# अश्लील विडियो बनाकर 60 वर्षिय बुजुर्ग से ठगी करने वाली गैंग के पाँच गिरफ्तार

**कोटपूतली।** स्थानीय थाना पुलिस ने अश्लील विडियो बनाकर ठगी करने वाली एक गैंग के 5 सदस्यों को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है। एएसपी वैभव शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि बुजुर्ग व्यक्ति के साथ हुई ठगी की वारदात को गंभीरता से लेते हुए जिला पुलिस अधिक्षक राजन दुष्यन्त ने तत्काल प्रभाव से कार्रवाही के के निर्देश दिये थे।

जिस पर एएसपी के सुपर विजन में डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक तथा थाना प्रभारी राजेश शर्मा के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। जिसमें

- विगत 30 सितम्बर को की थी 5 लाख रूपयों की ठगी, 15 लाख रूपयों की और कर रहे थे मांग

डीएसपी बुरडक, थाना प्रभारी राजेश शर्मा, हैड कानी. राकेश यादव, कानी. रामानन्द, कृष्ण कुमार, जितेन्द्र यादव व सतपाल को शामिल किया गया। एएसपी वैभव शर्मा के मुताबिक विगत 9 अक्टुबर को ग्राम मोलाहेड़ा निवासी



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

एक 60 वर्षिय बुजुर्ग ने मामला दर्ज करवाते हुए बताया था कि विगत 30 सितम्बर को एक महिला ने प्रार्थी को कस्बे के बानसूर रोड़ स्थित एक होटल पर बुलाकर उसको शराब पिलाते हुये उसका अश्लील विडियो बना लिया एवं पीडित को होटल के बाहर लाकर जबरन गाड़ी में डालकर ले गये। जिसके बाद उससे मारपीट करते हुये अश्लील विडियो दिखाकर ब्लैकमेल कर 5 लाख रूपये ठग लिये एवं 15 लाख रूपयों की और भी मांग भी करने लगे। इस पर स्थानीय थाना पुलिस ने सम्बंधित धाराओं में मामला दर्ज कर घटना को अन्जाम देने वाली गैंग का पर्दाफाश कर 5 आरोपियों को बापर्दा गिरफ्तार कर लिया तथा शेष की तलाश जारी है।

## मोदी ने हर वर्ग व समुदाय के कल्याण व उत्थान के लिए किया कार्य : मदन राठौड़

जयपुर,। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने मंगलवार को दौसा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी जगमोहन मीणा के समर्थन में जनसभा की तो वहीं दूसरी ओर कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर चुनावी चर्चाएं भी की। राठौड़ ने सर्वसमाज की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आज एक ओर विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, जिसने समाज के हर वर्ग, हर समुदाय के लिए कार्य किया। दूसरी ओर ऐसी पार्टी है जिसने केवल वोट बैंक की राजनीति को बढ़ावा दिया। भाजपा ने अल्पसंख्यक वर्ग की चिंता की और उनको रहने के लिए आवास दिया, मुस्लिम बहनों के लिए तीन तलाक समाप्त करवाया। इतना ही नहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर गरीब, किसान, मजदूर, युवा और महिलाओं के कल्याण के लिए योजनाएं बनाई है, फिर चाहे वो किसी भी वर्ग या समुदाय का ही क्यों ना हो। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस ने आज तक मुस्लिम भाई-बहनों का भला नहीं किया जबकि भाजपा उनकी चिंता कर रही है। समाज के अल्पसंख्यक वर्ग को कांग्रेस की दुकान को बंद करने की जरूरत है। कांग्रेस डरा-डरा कर अल्पसंख्यकों के वोट ले रही है, लेकिन अब जागरूक होने की आवश्यकता है। आज जरूरत है उस पार्टी के साथ जुड़ने की जो हर वर्ग के साथ हर समुदाय के विकास और उत्थान के लिए कार्य करें। प्रतिस्पर्धा के इस युग में उस पार्टी का चयन करना चाहिए जो आमजन की सेवा के लिए कार्य करें। भाजपा में सेवा और हर वर्ग के लिए विकास पर कार्य किया जाता है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि उपचुनावों में हमसभी को एकजुट होकर भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में मतदान करना है और मतदान कराना है। केंद्र में भाजपा सरकार और राज्य में भी बहुमत के साथ भाजपा सरकार चल रही है, लेकिन क्षेत्र के विकास के लिए हम सभी को भाजपा के प्रत्याशी को जीताकर विधानसभा भेजना है जो आम जनता की आवाज बन सके और क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित कर सकें। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा लगातार जन हितैषी योजनाओं को लागू कर रहे है। इन योजनाओं का क्षेत्र के लोगों को अधिक से अधिक संख्या में लाभ मिल सकें, इसके लिए हमें एकजुट होकर भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में मतदान करना होगा।

# पेपर लिक प्रकरण के साथ एम.डी.एम. योजना की भी जांच चल रही : मदन दिलावर

**दौसा।** प्रदेश के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटसरा पर बडा हमला बोलते हुये कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटसरा ने पेपर आउट कर, जितना बनाना था उतना माल बना लिया, अब पेपर लिक प्रकरण के साथ एमडीएम योजना की भी जांच चल रही है, वे कब अन्दर चले जायें कोई पता नही।

प्रदेश के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर मंगलवार को प्रेसवार्ता में बोल रहे थे। उन्होने कहा कि कांग्रेस ने प्रदेश में बजरी माफिया को संरक्षण दिया, सभी मंत्री एवं विधायकों को लूटने की पूरी छूट दी। अब ऐसे लोग कब शिकंजे में आ जाएं कोई पता नहीं। प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद लोगों को भ्रष्टाचार से मुक्ति मिली है। ऐसे में चुनाव में सातों सीट बीजेपी जीतेगी। उन्होने कांग्रेस पर हमला करते हुये कहा कि कांग्रेस घोटाला करने वालों एवं सफेद झूठ बोलने वालों का सबसे बड़ा समूह है, जो देश के साथ धोखाधड़ी करता आया है। लेकिन कांग्रेस नेताओं को यह नहीं दिख रहा, आंखों पर पट्टी बांधकर घूमते हैं। पेपर आउट करने और पैसे लेने की



प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते शिक्षा मंत्री मदन दिलावर।

ही सोचते हैं।

आरपीएससी के मेंबर और मंत्री का दर्जा का रखने वालों सबको हमने जेल ोज दिया। जबकि ऐसा करने वालों की कांग्रेस ने कभी निंदा नहीं की। उनको महिमा मंडित करने की कोशिश कर रहे हैं। अब तिलमिल रहे हैं, तड़प रहे हैं, बिललबिला रहे हैं। भ्रष्टाचार का जो माल आता था अब नहीं आ रहा है। मनोरोगी रात को जैसे बड़बड़ता है, वैसे ही बड़बड़ा रहे हैं। उन्होने कहा कि कांग्रेस ऐसे लोगों का समूह है जो आतंकवादियों को प्रश्रय देता है। उन्होने राहुल गांधी पर हमला बोलते हुये कहा कि बटाला हाउस में आतंकवादियों को मारा गया, तो राहुल ने कहा कि मेरी मां को रात भर नींद नहीं आई। उसके रातभर आंसू टपकते रहे। आतंकवादियों को फांसी की सजा दी गई तो, उन्हें माफी देने की मांग भी कांग्रेस ने ही की। गोधरा कांड में राम भक्तों के हत्यारों को महिमा मंडित करने का कांग्रेस ने पूरा प्रयास किया हैए यह हत्यारों को भी प्रश्रय देती है। उन्होने कहा कि चुनाव के दौरान दोनों ही पार्टियों का राजनीतिक चरित्र जनता के सामने है। कांग्रेस ने देश का और देश की सेना का बहुत अपमान किया है। राष्ट के आराध्य देव भगवान श्रीराम का भी अपमान किया है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में शपथ पत्र दिया था कि भगवान राम का कोई अस्तित्व ही नहीं है, यह कपोल कल्पित है। ऐसा कहकर कांग्रेस ने धर्म ग्रंथों को झूठा साबित कर दिया। हमारे पूर्वज भगवान राम का नाम लेते लेते स्वर्ग सिधार गए, उन्हें भी झूठा साबित कर दिया है। लेकिन पूरा देश झूठा नहीं हो सकता। हमारे देश की सेना हमारी सुरक्षा करती है। उसके बिना हम स्वतंत्रता की सांस नहीं ले सकते। लेकिन सेना की सुरक्षा के बारे में कांग्रेस ने कभी सोचा भी नहीं कि उनका भी सुरक्षा कवच होना चाहिए। हमारे सैनिकों को नुकसान नहीं पहुंचे इसके लिए हमारे पीएम नरेंद्र मोदी ने बीड़ा उठाया है। बुलेट प्रुफ हेलमेट व जैकेट उपलब्ध कराए हैं। उन्होने कहा कि कांग्रेस एससी एसटी की घोर विरोधी है, कश्मीर में एससी-एसटी, ओबीसी, विकलांग में महिला किसी का भी आरक्षण नहीं था। हिंदुओं को वोट देने का अधिकार नहीं था। वहां हिंदुओं को मारकर भगा दिया, बचे जिनको वोट का अधिकार नहीं मिला। धारा 370 लगाकर यह अधिकार छीना है। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धारा 370 को समाप्त कर देश को एकजुट कर दिया है।

## विवाह के लिए संस्था देगी रियायती दर पर पूरा दहेज एवं फ्री सौ गज का प्लाट

**अलवर।** गरीब पिता के लिए बेटी का विवाह करना कितना मुश्किल काम है क्योंकि बेटी का विवाह करने में गरीब पिता का रोम रोम कर्ज में दब जाता है ऐसे में डा. भीमराव अम्बेडकर सामाजिक सेवा संस्थान ने आगे आकर गरीब पिता का बोझ अपने कंधों पर ले लिया है यह संस्था दहेज का सम्पूर्ण सामन रियायती दर पर उपलब्ध करा रही है साथ ही गरीब की बेटी को सौ वर्गगज का प्लाट भी अलवर जिले में निशुल्क उपलब्ध करा रही है।

संस्था के कोषाध्यक्ष महेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था का हैड आफिस अलवर में सूर्य नगर मोड, नारायण स्कूल के पास स्थित है यहां आकर कोई भी जानकारी हासिल कर सकता है संस्था 81 हजार 200 रुपये में बेटी को डबल बेड विद बिस्तर, दीवार घड़ी, हाथ घड़ी दुल्हें, दुल्हन, दुल्हन के कपडे, 5 चांदी के आईटम, एलईडी, अलमारी, फ्रिज,वाषिंग सेट, ड्रेसिंग टेबल,सेंटर टेबल, प्रेस, मिक्सी, सहित बर्तन, गैस चूल्हा,सहित समस्त दहेज का सामान प्रदान करेगी साथ ही बेटी को संस्था अलवर में एक सौ वर्गगज का प्लाट भी देगी ताकि कोई गरीब की बेटी बिना मकान के ना रह सके।

## सार-समाचार

### उनियारा में भाजपा मीडिया सेन्टर का उद्घाटन




**टोक।** भारतीय जनता पार्टी टोंक द्वारा देवली-उनियारा विधानसभा चुनावों को लेकर उनियारा में मीडिया सेंटर का उद्घाटन भीलवाड़ा सांसद एवं विधानसभा चुनाव प्रभारी दामोदर अग्रवाल व भाजपा जिलाध्यक्ष अजित सिंह मेहता, प्रदेश मीडिया सह सयोंजक मेहराज चौधरी ने किया। इस अवसर पर मीडिया को सम्बोधित करते हुये चुनाव प्रभारी दामोदर अग्रवाल ने कहा की भाजपा प्रत्याक्षी की चुनावी सभाओ मे उमड़ रहा जन सैलाब चुनाव परिणामो की दिशा बता रहा है और हम बूथ मैनेजमेंट पर ध्यान दे रहे है और अधिक से अधिक मतदान हो यही हमारा लक्ष्य है। जिला मीडिया प्रभारी राहुल शर्मा ने सभी का आभार प्रगट किया।इस अवसर पर जिला महामंत्री महेंद्र चौधरी, सीताराम राम पोसवाल, चंद्रवीर चौहान, शंकर लाल ठाड़ा, नमो गौतम सहित वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### गौरी शंकर सेवादल के प्रभारी मनोनीत

**फुलेरा।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के प्रदेशाध्यक्ष हेमसिंह शेखावत ने जयपुर ग्रामीण उत्तर के जिला प्रभारी पद पर फुलेरा के गौरीशंकर सैनी को नियुक्त किया है। प्रतिनिधियों जन ने जिला प्रभारी गौरी शंकर सैनी की नियुक्ति पर हर्ष जताया है। फुलेरा में सैनी का जगह जगह स्वागत किया। गौरतलब है कि सैनी प्रभारी बनने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत तथा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह टोडासरा से आशीर्वाद लिया। इसके साथ ही जिला पदाधिकारी एवं प्रदेश पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष तथा जयपुर ग्रामीण के समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गौरीशंकर सैनी को माला साफा पहनाकर एवं मुंह मीठा करवाकर बधाईयां दी।



### सरकारी आदेशो कि अवहेलना कर, मनमर्जी कर रहे हैं, रोडवेज के चालक परिचालक

**सावरदा ।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 48 पर संचालित राजस्थान परिवहन निगम की बसो का मोखमपुरा से दूदू, किशनगढ़ ,अजमेर, तीन डिपो की बसों का हुआ स्टॉपेज जिनमे वैशाली नगर,अजमेर और ब्यावर आगार कि बसो के आदेशो कि कापी निकलते ही , ग्रामीणों की खुशी का ठिकाना नहीं था । परन्तु सरकारी आदेशो कि चालक परिचालक कर रहे हैं ,अवहेलना आदेश जारी होने के बाद भी मौखमपुरा से जयपुर तथा किशनगढ़ अजमेर की सवारी के लिए नही रोक रहे हैं, बसो को गौरतलब है कि राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की कार्यकारी निदेशक डॉ ज्योति चौहान ( यातायात ) के द्वारा एक आदेश जारी कर तीन डिपो की बसो का मौखमपुरा मे सवारी उतारने व बिठाने के आदेश जारी होने के बाद भी संबंधित बसो में सेवाए दे रहे , चालक परिचालक अपनी मनमर्जी से नही तो सवारी बिठा रहे हैं , और ही कोई बैठ जाए तो उसे उतार रहे है । दिव्यागं शिक्षक दानाराम गुर्जर ने बताया कि जयपुर से मौखमपुरा के लिए रोडवेज में बैठे तो मौखमपुरा का नाम लेते ही परिचालक ने बस से नीचे उतर जाने की बात कही शिक्षक द्वारा विभागीय आदेशो कि कापी दिखाने पर बस के परिचालक द्वारा उनके साथ अभद्रता की गई ।

### उन्नित गौड का किया सम्मान

**अलवर।** देश की सर्वोच्च रक्षा सेवा एनडीए परीक्षा में देश भर में 52 वी रैंक प्राप्त करने पर उन्नित गौड का स्वतंत्रता गौरव उत्सव समिति की तरफ से सम्मान किया गया। समिति अध्यक्ष गौरीशंकर विजय ने बताया कि उन्नित गौड के पिता मुकेश पी गौड अलवर जीएसटी विभाग में असिस्टेंट कमिश्नर के पद पर नियुक्त है जबकि उनकी माता अंशु शर्मा प्रधानाध्यापिका का मालाखेड़ा सरकारी स्कूल में नियुक्त है। पढऩे लिखने में बचपन से ही होशियार उन्नित गौड ने मात्र 18 वर्ष की उम्र में अपने पहले ही प्रयास में उन्नित गौड के द्वारा एनडीए परीक्षा में 52 वां स्थान प्राप्त करते हुए अलवर जिले का देश भर में नाम किया है। यह संपूर्ण अलवर जिले के लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर समिति की तरफ से उन्नित गौड को सफल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान करते हुए समिति की तरफ से स्मृति चिन्ह देते हुए उन्हें सम्मानित किया गया।

### श्मशान के पास 10 बीघा जमीन की कच्ची रोड़ को जेसीबी से हटाया

**अलवर।** दीपावली के बाद फिर से एग्रीकल्चर प्लॉटिंग पर अलवर यूआईटी का बुलडोजर चला है। मंगलवार को भूगोर में श्मशान के पास और मंगलम रेजिडेंसी के पीछे करीब 10 से 15 बीघा जमीन पर अवैध प्लॉटिंग के लिए बनाई गई मिट्टी की रोड को हटाया गया। यूआईटी के तहसीलदार अनिल शर्मा ने बताया कि अवैध प्लॉटिंग पर यूआईटी की बराबर कार्यवाही होती है। उसी के अनुसार जेईएन की रिपोर्ट के आधार पर भूगोर में श्मशान घाट से लगती करीब 8 से 10 बीघा जमीन पर अवैध प्लॉटिंग की जा रही थी। इसके पास ही मंगलम रेजिडेंसी के पीछे भी अवैध प्लॉटिंग पर एक्शन हुआ है। जिसको लेकर पहले खातेदार को नोटिस दिया गया। नोटिस का जवाब नहीं आने के बाद नियम के अनुसार अवैध प्लॉटिंग के लिए डाली जा रही कच्ची रोड को जेसीबी से हटाया गया है। इसके अलावा खातेदार को पाबंद भी कर दिया है। ताकि आगे अवैध प्लॉटिंग नहीं हो। यहां मंगलम रेजिडेंसी के पीछे भी अवैध प्लॉटिंग मिली। वहां भी यूआईटी के दस्ते ने अवैध रोड को तोडऩे का काम किया। ताकि आगे प्लॉटिंग नहीं हो सके। जहां यूआईटी ने अवैध प्लॉटिंग होने से रोका है। उसके चारों तरफ अवैध प्लॉटिंग पहले हो चुकी है। जिस पर मकान भी बन गए। कई जगहों पर मकान तेजी से बन रहे हैं। जिसके कारण यूआईटी प्रशासन पर सवाल उठते हैं। एक बार अवैध प्लॉटिंग को रोका जाता है। कुछ महीनों के बाद उसी जगह कॉलोनी बस जाती है। ऐसा पूरे शहर में होता आ रहा है। हर साल यूआईटी 10 से 15 जगहोंपर एग्रीकल्चर प्लॉटिंग को रोकती है। फिर उस जगह दुबारा प्लॉटिंग होती है और मकान बन जाते हैं। एग्रीकल्चर प्लॉटिंग पर बुलडोजर चलाने की केवल दिखावा मात्र की कार्यवाही है।

### प्रिंट मीडिया में विज्ञापन छपने से पूर्व अधिप्रमाणन जरूरी

**टोंक।** विधानसभा उपचुनाव-2024 के दौरान 13 नवंबर को मतदान दिवस होने के तहत 12 व 13 नवंबर को समाचार पत्रों में छपने वाले राजनैतिक दलों व उम्मीदवारों के विज्ञापनों का प्रकाशन अधिप्रमाणन के बाद ही किया जा सकेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सौम्या झा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 13 नवंबर को 2024 को देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र के लिए मतदान होगा। आयोग के निर्देशानुसार समस्त राजनैतिक दल व देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचन में भाग ले रहे सभी उम्मीदवार 12 व 13 नवंबर को प्रिंट मीडिया में विज्ञापन देने से पूर्व जिला स्तरीय विज्ञापन अधिप्रमाणन समिति से प्रिंट मीडिया के विज्ञापनों का अधिप्रमाणन ''प्री-सर्टिफिकेशन'' करवाकर ही प्रिंट मीडिया में विज्ञापन प्रसारित करवा सकते हैं।

### 100 मतदान दलों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया

**दौसा।** पंडित नवल किशोर शर्मा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दौसा में विधानसभा उप चुनाव मतदान दलों का द्वितीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें 100 मतदान दलों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण में 10 डीएलएमटी, 20 एएलएमटी ने प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण में मतदान दलों को पोल प्रोसेस, ईवीएम वीवीपैट, पीएस-05 एवं विान्नि प्रपत्रें को भरने के सम्बन्ध में दक्ष प्रशिक्षको द्वारा विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

### दीपावली स्नेह मिलन समारोह

**फुलेरा ।** कस्बे के निकटवर्ती धार्मिक स्थल भन्दे बालाजी परिसर स्थित ब्रह्म प्रजापति समाज धर्मशाला में मंगलवार को दोपहर 12:30 बजे प्रजापति विकास एवं विवाह समिति के तत्वाधान में प्रजापति समाज का दीपावली स्नेह मिलन समारोह मनाया गया। वहीं विकास कार्यों को लेकर एक बैठक भी आयोजित की गई।